दिनांक 8 नवंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बीपीएल राशन कार्ड का वितरण कार्य है जारी, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने वितरण कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत समस्त जोन क्षेत्रों के वार्ड मे चयनित स्थलों के माध्यम से बीपीएल राशन कार्ड का वितरण कार्य किया जा रहा है!

आयुक्त श्री रघुवंशी ने समस्त जोन क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर वितरण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा वितरण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए!

नोडल अधिकारी टीपी लहरे ने बताया कि जिन स्थलों पर पहले शिविर लगाकर राशन कार्ड के लिए आवेदन लिए गए थे उन्हीं स्थलों पर राशन कार्ड का वितरण किया जा रहा है ताकि राशन कार्डधारियों को कार्ड प्राप्त करने में अड़चन न हो इसके लिए निगम क्षेत्र के 70 वार्डो में स्थान चयनित किया गया है!

राशन कार्ड का कार्य देख रहे सुरेश देवांगन ने बताया कि नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 में 8436 वैशाली नगर जोन क्रमांक 2 में 8462, मदर टैरेसा नगर जोन क्रमांक 3 में 8807, शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 में 11393, सेक्टर 6 जोन क्रमांक 5 में 3702 तथा रिसाली जोन क्रमांक 6 में 7116 इस प्रकार कुल 47116 नवीनीकृत राशन कार्ड का वितरण किया जा चुका है!

जनसम्पर्क अधिकारी